○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरवा अवशेषों की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

○ कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा–राज्य में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध।

○ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए वातावरण तैयार करने पर ज़ोर दिया।

○ राज्य युवा महोत्सव 7 से 12 जनवरी तक जयपुर के एस.एम.एस. स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरवा अवशेषों की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। ये प्रदर्शनी राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में आयोजित की जा रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध के महान विचारों को और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि यह देश के युवाओं और उसकी समृद्ध संस्कृति के बीच संबंध को और मजबूत करने का भी एक प्रयास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिपरहवा के प्रामाणिक अवशेष और पुरातात्विक सामग्री नई दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय और कोलकाता के भारतीय संग्रहालय में संरक्षित हैं। उन्होंने इन अवशेषों की स्वदेश वापसी के लिए काम करने वाले सभी लोगों की सराहना भी की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि वर्ष 1898 में खोजे गए पिपरहवा अवशेष प्रारंभिक बौद्ध धर्म के पुरातात्विक अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

000

कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने कहा है कि वर्तमान में राज्य में यूरिया की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार द्वारा निरंतर केंद्र सरकार से समन्वय स्थापित कर प्रदेश की मांग के अनुसार उर्वरकों की आपूर्ती करवायी जा रही है। आज एक बयान जारी कर श्री मीना ने कहा कि राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखते हुए कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले जिलों तथा ब्लॉक्स को चिन्हित कर प्राथमिक्ता से वितरण करवाया जा रहा है।
उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए विभाग के अधिकारी पूरी सतर्कता से काम कर रहे हैं तथा खाद के अवैध भण्डारण, कालाबाजारी और यूरिया डाइवर्जन के प्रकरणों में व्यापक कार्यवाही की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रबी 2025 के लिए दिसम्बर तक 11 लाख 34 हजार मीट्रिक टन यूरिया की मांग के विरुद्ध अब तक 14 लाख 10 हजार मै. टन यूरिया उपलब्ध करवाई जा चुकी है। वर्तमान में राज्य में 1 लाख 19 हजार मैं. टन यूरिया स्टॉक में उपलब्ध है।

000

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में महाराष्ट्र के पालघर में विरार और बोइसर को जोड़ने वाली लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सुरंग की खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न कर लिया गया है। यह इस परियोजना में एक बड़ी उपलब्धि है। महाराष्ट्र के पालघर में हाई स्पीड टनल ब्रेक–थ्रू कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने यह बात कही।

000

विधानसभा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा है कि तीन विधायकों के स्टिंग ऑपरेशन मामले की जांच विधानसभा की सदाचार समिति द्वारा की जा रही है। श्री गर्ग ने आज जोधपुर में संवाददाता से बातचीत में स्पष्ट किया कि उन्होंने स्वयं विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की थी, जिसके बाद समिति ने आवश्यक तथ्य और वीडियो साक्ष्य जुटा लिए हैं। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा वीडियो की गहन पड़ताल की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को 15 जनवरी तक विधानसभा के सभी लंबित प्रश्नों, ध्यानाकर्षण और विशेष उल्लेख प्रस्तावों के जवाब अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में लगभग 35 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब बकाया हैं। उन्होंने अधिकारियों को विशेष शिविर लगाकर इन मामलों का निस्तारण करने और गलत जवाब न भेजने की चेतावनी दी। देवनानी ने स्पष्ट किया कि प्रश्नकाल के दौरान अधिकारी दीर्घा में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी ताकि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके।

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि शिक्षा का मूल उद्देश्य यक्ति के भीतर संस्कार, चरित्र, नैतिकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना विकसित करना है। श्री सिंह ने आज उदयपुर के भूपाल नोबल्स यूनिवर्सिटी बीएन कॉलेज के 104वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केवल उच्च शिक्षा प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है, यदि उसमें मानवीय मूल्य और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का अभाव हो। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि कुछ पढ़े–लिखे और प्रतिष्ठित पेशों से जुड़े लोग भी देश और समाज के खिलाफ गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट में गंभीर अपराध में शामिल लोगों में डॉक्टर जैसे शिक्षित पेशेवरों के नाम सामने आए।

इससे यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा के साथ–साथ चरित्र निर्माण और नैतिक चेतना कितना आवश्यक है। रक्षामंत्री ने विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए वातावरण तैयार करने पर ज़ोर दिया।

000

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 7 से 12 जनवरी तक राज्य युवा महोत्सव का आयोजन होगा। युवा मामले विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज के. पवन ने तैयारियों की बैठक लेकर काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस महोत्सव में युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग, रोजगार जानकारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्टार्टअप प्रतियोगिताएं होंगी। अलग–अलग विभागों की प्रदर्शनी के जरिए सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। प्रतियोगिताओं में जीतने वालों को 50 हजार रुपये तक के इनाम मिलेंगे। इसके साथ ही बेहतर काम करने वाले युवाओं को एक लाख रुपये का 'यूथ आइकॉन अवार्ड' दिया जाएगा।

000

जयपुर में 4 से 6 जनवरी तक 'राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट–2026' का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश को आईटी हब बनाने के लिए चार नई नीतियां–राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी–2025, राजस्थान एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्स्टेंडेड रिएलिटी नीति–2024, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी–2025 और राजस्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग पॉलिसी–2026 लागू की गई हैं। इन नीतियों का लक्ष्य वर्ष 2030 तक डेढ़ लाख कुशल रोजगार सृजित करना और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। जयपुर स्थित भामाशाह डेटा सेंटर की क्षमता विस्तार के साथ ही अब निजी निवेश

को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष वित्तीय छूट के प्रावधान किए गए हैं, जिससे राजस्थान डिजिटल गवर्नेंस और नवाचार में अग्रणी बनेगा। इस बीच, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

000

राज्य निर्वाचन आयोग ने आगामी शहरी निकाय और पंचायत चुनावों को निष्पक्ष ओर पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए राज्य में तैनात फील्ड पोस्टिंग वाले अधिकारियों के ट्रांसफर–पोस्टिंग पर रोक लगा दी है। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो अधिकारी अपने गृह क्षेत्र में पदस्थापित हैं, उन्हें 28 फरवरी तक वर्तमान पद से हटाया जाना अनिवार्य होगा। यह आदेश कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम, नगर निकाय अधिकारियों, थानाधिकारियों सहित अन्य फील्ड अधिकारियों पर समान रूप से लागू होंगे।
राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, ये निर्देश निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ प्रभावी होंगे और चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेंगे। आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह का प्रशासनिक पक्षपात या प्रभाव न पड़े और मतदाता निष्पक्ष वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।राज्य निर्वाचनआयोग ने उन अधिकारियों के स्थानांतरण के भी निर्देश दिए हैं, जो किसी एक स्थान पर तीन वर्ष या उससे अधिक समय से पदस्थापित हैं। इसके लिए 30 अप्रैल कट–ऑफ डेट निर्धारित की गई है।

000

सलूम्बर जिले में बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे निजी अस्पतालों पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेन्द्र कुमार परमार ने चेतावनी दी है कि अनिवार्य दस्तावेजों के बिना अस्पताल चलाना नियमों का उल्लंघन है। डॉ. परमार ने कहा, मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

000